Bareilly Wednesday,
19 April 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 4 MIDDLE

बासुबरल और मिशन एकेडमी टीम्स विजयी

पुरस्कार पाकर खिले चेहरे.

बासुबरल ने उड़ान वर्ल्ड स्कूल को पांच विकेट से हराया

मिशन एकेडमी ने जीपीएम को एकतरफा मुकाबले में धोया

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (18 April): चौथे श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में ट्यूजडे को दो मैच खेले गए. जिसमें बासुबरल ने उड़ान वर्ल्ड स्कूल ने पांच विकेट से जीत हासिल की. विजेता टीम के शिवम पटेल को मैन आफ द मैच चुना गया. दूसरे मुकाबले में मिशन एकेडमी ने गिरीश प्रसाद मेमोरियल से सात विकेट से मैच जीता. मिशन एकेडमी के खिलाड़ी असद को मैन आफ द मैच घोषित किया गया.

बासुबरल से हुआ पहला मैच

पहला मैच बासुबरल सरस्वती और उड़ान वर्ल्ड स्कूल के बीच खेला गया. बासुबरल ने टास जीत कर उड़ान वर्ल्ड स्कूल को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. उड़ान वर्ल्ड बीस ओवर में सात विकेट पर 92 रन बना सकी. लक्ष्य का पीछा करने उतरी बासुबरल की टीम ने 15.2 ओवर में ही पांच विकेट से मैच जीत लिया.

दूसरा मैच गिरीश प्रसाद से

दूसरा मैच गिरीश प्रसाद मेमोरियल और मिशन एकेडमी के बीच खेला गया. जीपीएम ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 97 रनों का स्कोर बनाया. लक्ष्य का पीछा करने उतरे मिशन एकेडमी के बल्लेबाजों ने सात विकेट से जीत दिला दी. इस दौरान दर्शकों ने खूब एंज्वॉय किया.